

नवभारत
सतना, मंगलवार, 14 जुलाई 2026


## गुढ़ शराब समूह की आड़ में बोलेरो से रची जा रही अवैध पैकारी की साजिश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 जुलाई, जिले के गुढ़ शराब समूह के अंतर्गत अवैध शराब की तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क चलाने वाला शातिर तस्कर मुन्नू सिंह आखिर कब तक पुलिस की पकड़ से दूर रहेगा. यह सवाल आज पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में बोलेरो वाहन लेकर निकलने वाला यह शातिर तस्कर न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि जिले की सीमाओं के बाहर भी फोर-व्हीलर वाहनों के जरिए धड़ल्ले से अवैध शराब की सप्लाई करवा रहा है. हाल ही में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो से तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब की खेप पकड़ी है. इस कार्रवाई में मुन्नू सिंह के खास नुमाइंदे पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं जो इस समय सलाखों के पीछे हैं इन गिरफ्तारियों से यह साफ हो गया है कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे असली मास्टरमाइंड मुन्नू सिंह का ही है. लेकिन हैरानी की बात यह है कि मुख्य सरगना होने के बावजूद मुन्नू सिंह अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर आजाद घूम रहा है. सूत्रों के अनुसार मुन्नू सिंह की तलाश में जिले के कम से कम 2 से 3 थानों की पुलिस जुटी हुई है. जगह-जगह दबिश दी जा रही है और उसके संभावित ठिकानों पर नजर रखी जा रही है ।इसके बावजूद यह शातिर अपराधी पुलिस की हर रणनीति को नाकाम करते हुए फरार चल रहा है. आमतौर पर यह कहावत बेहद मशहूर है कि पुलिस के हाथ कानूनन बहुत लंबे होते हैं अपराधी चाहे पाताल में भी छुपा हो बच नहीं सकता. लेकिन इस मामले को देखकर जनता के बीच अब इस कहावत पर संशय पैदा होने लगा है. लोगों का कहना है कि आखिर पुलिस प्रशासन एक ऐसे तस्कर को पकड़ने में क्यों नाकाम साबित हो रहा है जो पुलिस की नजरों से बचकर खुलेआम अवैध शराब की पैकारी का धंधा संचालित कर रहा है. शिकायत के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही हो रही है. क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री लम्बे समय से चल रही है.

# बड़ी सौगात : जिला अस्पताल में शुरू हुई याग लेजर एवं फेको मशीन की सुविधा

### कलेक्टर ने किया शुभारंभ, आधुनिक मशीनों से मिलेगा उन्नत नेत्र उपचार

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 जुलाई, मऊगंज जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों को अब अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी. जिला अस्पताल में लगभग 28 लाख रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक याग लेजर मशीन, फेको मशीन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का शुभारंभ कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा किया गया.**

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि पूरी तन्मयता, संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ मरीजों का उपचार सुनिश्चित करें. उन्होंने स्वयं भी अपनी आंखों का परीक्षण कराया तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मण पटेल ने बताया कि याग लेजर मशीन का उपयोग मोतियाबिंद सर्जरी के कुछ माह अथवा वर्षों बाद आंख के पर्दे में उत्पन्न धुंधलेपन को बिना किसी चीरे के दूर करने में किया जाता है, जिससे मरीज को पुन: स्पष्ट दिखाई देने लगता है. उन्होंने बताया कि फेको मशीन मोतियाबिंद के आधुनिक ऑपरेशन में उपयोग की जाती है. यह मशीन अल्ट्रासोनिक तरंगों के माध्यम से आंख के धुंधले प्राकृतिक लेंस को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर बाहर निकालती है तथा बिना टांके के नया लेंस प्रत्यारोपित करने में सहायक होती है. इससे मरीज को कम समय में सुरक्षित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध हो पाता है. डॉ. पटेल ने बताया कि जिला अस्पताल की नेत्र रोग ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 50 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं. इन आधुनिक मशीनों के स्थापित होने से अब मरीजों को उन्नत नेत्र चिकित्सा सेवाएं जिले में ही उपलब्ध हो सकेंगी. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया.

उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों में आवश्यक उपकरणों एवं उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए. इस अवसर पर बीएमओ डॉ. एस.डी. कोल, डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ. लक्ष्मण पटेल सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे.



## सीएम व पीएस का सांसद ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. गणेश सिंह ने परियोजना को गति देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के प्रमुख सचिव राजेश राजौरा के प्रति आभार व्यक्त किया।**

उन्होंने कहा कि दोनों के सहयोग से परियोजना में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर किया गया, जिससे निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ सका। सांसद ने बताया कि वे स्वयं हर 15 दिन में निर्माण स्थल का दौरा कर कार्यों की समीक्षा करते रहे। अब जब टनल अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी संतोष की अनुभूति हो रही है।

## बधवा कोठार के दोषी पूर्व सरपंच और सचिवों को भेजा जाएगा जेल

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 जुलाई, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज से ग्राम पंचायत बधवा कोठार के पूर्व सरपंच तथा सचिवों को जेल भेजने का अनुरोध किया है.**

सीईओ ने कहा है कि आरोपी व्यक्तियों पर निर्माण कार्यों की गबन की गई राशि की वसूली के लिए कार्यवाही की गई. राशि जमा न करने पर इनके विरूद्ध धारा 92 (2) के तहत वारण्ट जारी करते हुए धाना प्रभारी नईगढ़ी से दोषियों को सेंट्रल जेल रीवा में सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए थे. थाना प्रभारी द्वारा वारंट की तामीली और दोषियों को सेंट्रल जेल में सुपुर्द करने के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है. थाना प्रभारी को निर्दिष्ट करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत बधवा कोठार के पूर्व सरपंच बहादुर साकेत तथा पूर्व सचिव दिलीप कुमार पटेल और रामसुंदर साकेत के विरूद्ध कार्यवाही का अनुरोध किया है.



रथ यात्रा की स्वागत तैयारी बैठक में व्यापारी महासंघ के पदाधिकारीगण

## राष्ट्रीय राजमार्ग-39 चौड़ीकरण में मुआवजा विसंगति का आरोप

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 जुलाई, राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के चौड़ीकरण कार्य के तहत ग्राम बरिगवां, तहसील गुढ़ की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर प्रभावित परिवार ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है.**

प्रभावित पक्ष के अनुसार, आराजी नंबर 90/2/1 में लगभग 3 आरे भूमि अधिग्रहित की गई है, जिस पर टीनशेड सहित आवासीय मकान निर्मित है. उक्त संपत्ति का मूल्यांकन मात्र 2,34,666 रुपये किया गया है. भूमि विनीता सोनी के नाम दर्ज है तथा यह भूमि विधिवत आवासीय डायवर्टेड बताई गई है. इसी प्रकार आराजी नंबर 90/3 में लगभग 1 आरे भूमि टीनशेड युक्त निर्मित मकान सहित अधिग्रहित की गई है, जिसकी कीमत केवल 16,197 रुपये निर्धारित की गई है. प्रभावित परिवार का आरोप है कि यह भूमि वर्ष 2018 से व्यावसायिक (कमर्शियल) श्रेणी में दर्ज है, लेकिन मुआवजा निर्धारण के समय इसे सिंचित कृषि भूमि मानकर मूल्यांकन किया गया. वहीं आराजी नंबर 30/1/3/2 की लगभग 5 आरे कमर्शियल भूमि भी अधिग्रहण में शामिल है, जिसके लिए 1,24,427 रुपये का मुआवजा निर्धारित किया गया है. प्रभावित पक्ष का कहना है कि वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार इस भूमि की कीमत 5 लाख रुपये से कम नहीं है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि अधिग्रहित भूमि के वास्तविक उपयोग, डायवर्सन और व्यावसायिक स्थिति को नजरअंदाज कर कृषि भूमि की दरों पर मुआवजा तय किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है. परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है.



कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन आंखों का परीक्षण कराते हुए

## जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत करेगा विंध्य व्यापारी महासंघ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जुलाई, विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा ने विशेष बैठक का आयोजन स्टैचू चौक के पास शिव मार्केट में स्थित विंध्य व्यापारी महासंघ के कार्यालय में रखी गई.**

जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा एवं विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा का स्थापना दिवस को मानने को लेकर विशेष बैठक बुलाई गई. जिसमें भव्य स्वागत को लेकर तैयारी की चर्चा की गई. कार्यक्रम हृदय स्थल स्टैचू चौक में रखा जाएगा. हर साल की तरह इस साल की रथ यात्रा निकलेगी, इसलिए व्यापारी भाइयों व श्रद्धालुओं में उत्साह है वह महाप्रभु के दर्शन जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा. प्रसाद वितरण में जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद कड़ी भात ,फल व दूध से बना मिश्राम्बू शरबत वितरण किया जाएगा. बैठक में सभी विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा के पदाधिकारी व श्रद्धालुओं के साथ बैठक संपन्न हुई. जिसमें विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली, संदीप गुप्ता, पिंटू सोनी, सुधांशु पाठक, मनीष गहोई, अमित ठारवानी, महेश ठारवानी, प्रकाश तरानी दीनानाथ वर्मा, कमलेश सचदेव, पप्पू मंजानी, रमेश ठारवानी नरेश (नारू) छूगानी, अनिल बुधवानी, मनोहर मोटवानी, अजय माधवानी, सुरेश पंजवानी, विजय ठारवानी, अनीश खान मौजूद रहे.

## छिंदवाड़ा सांसद की पदयात्रा में शामिल हुए गणेश सिंह

**सतना, 13 जुलाई.** छिंदवाड़ा से मैहर स्थित मां शारदा धाम तक निकाली जा रही छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू की पदयात्रा लगातार जारी है। यात्रा के दौरान रविवार को सतना सांसद गणेश सिंह ने बेरमा पहुंचकर छिंदवाड़ा सांसद से मुलाकात की और उनके साथ कई किलोमीटर तक पैदल चलकर यात्रा में सहभागिता निभाई। सांसद गणेश सिंह ने यात्रा के दौरान पूजा-अर्चना में भी भाग लिया तथा मां शारदा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## प्रचलित मार्गों को अभिलेखों में दर्ज करने विधायक की पहल

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 जुलाई, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने जनहित से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को उठाते हुए जिले में वर्षों से आमजन के आवागमन के लिए उपयोग में आ रहे प्रचलित डामरीकृत एवं पक्के मार्गों को शासकीय अभिलेखों में दर्ज कराने की पहल की है.**



इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर रीवा को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. विधायक नागेन्द्र सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि गुढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे रीवा जिले के अनेक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऐसे मार्ग हैं, जिनका वर्षों से आमजन उपयोग कर रहे हैं, लेकिन वे आज भी राजस्व अभिलेखों में शासन के नाम दर्ज नहीं हैं. कई मार्ग निजी भूमि अथवा अदर्ज भूमि के रूप में दर्ज होने के कारण विकास कार्यों में तकनीकी एवं कानूनी बाधाएं उत्पन्न होती हैं. उन्होंने यह भी कहा कि कई स्थानों पर नहर निर्माण के लिए भू-स्वामियों को मुआवजा प्रदान किया जा चुका है, इसके बावजूद संबंधित भूमि अब भी भू-स्वामियों के नाम दर्ज है, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है. विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि शासकीय अभिलेखों में दर्ज न होने के कारण कई स्थानों पर मार्गों पर अतिक्रमण अथवा आवागमन बाधित करने के प्रयास होते हैं, जिससे ग्रामीणों के बीच विवाद और कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है. उन्होंने कलेक्टर से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर जिले के सभी पारंपरिक एवं प्रचलित मार्गों का चिन्हांकन दर्ज करने की मांग की है.

## 24 घंटे के अंदर चोरी गया पिकअप बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जुलाई, सेमरिया पुलिस ने चोरी गई पिकअप वाहन को 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया.**



थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी द्वारा थाना आकर अपने टाटा कंपनी के छोटा हाथी पिकअप क्रमांक एमपी 19 एल 1848 के चोरी हो जाने की रिपोर्ट थाना सेमरिया में लेख कराया था. जिस पर थाना सेमरिया में अपराध धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था. विवेचना दौरान कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में त्वरित टीम का गठन कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरो का अवलोकन किया गया एवं पिकअप की तलाश करके 24 घंटे के अंदर चोरी गये टाटा कंपनी के छोटा हाँथी पिकअप को ग्राम पुर्वा बसामन मामा के पास से बरामद किया गया है.

## धान रोपाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने की मांग

नवभारत न्यूज

**मनगवां, 13 जुलाई, खरीफ सीजन में धान की रोपाई को देखते हुए जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष विकास तिवारी ने कलेक्टर रीवा को पत्र सौंपकर नहरों में तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है.**

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से किसान धान रोपाई में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं. समय पर पानी नहीं मिलने से फसल प्रभावित होने और किसानों



को आर्थिक नुकसान की आशंका है. विकास तिवारी ने प्रशासन से किसानों के हित में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए नहरों में पानी छोड़े जाने का आग्रह किया है. इस संबंध में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा एवं विधायक नरेंद्र प्रजापति को भी पत्र की प्रति प्रेषित की गई है.

## अवैध गतिविधियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 जुलाई, गुढ़ थाना में नवागत थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव के पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सक्रियता बढ़ती दिखाई दे रही है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गुढ़ पुलिस रात्रि गश्त को लेकर काफी सतर्क नजर आ रही है. देर रात तक पुलिस की लगातार निगरानी और गश्त के कारण असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना हुआ है.क्षेत्रवासियों के अनुसार अब रात के समय पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है. कई बार देर रात और तड़के सुबह तक पुलिस वाहन का हूटर सुनाई देता है, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है. वहीं गुढ़ बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र की अधिकांश दुकानें भी निर्धारित समय के भीतर बंद होने लगी हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में कुछ स्थानों पर देर रात तक अव्यवस्थित गतिविधियां संचालित होती थीं, जैसे कि बस स्टैंड में कुछ दुकानों में बैठा कर शराब पिलाया जाता था जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था. पुलिस की सख्ती के बाद ऐसी गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है और बस स्टैंड क्षेत्र में भी शांति एवं व्यवस्था का माहौल देखने को मिल रहा है. इसके अलावा गुढ़ पुलिस ने अवैध शराब कारोबार और शराब तस्करी पर भी निगरानी बढ़ा दी है. पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि अवैध रूप से शराब की पैकारी, परिवहन अथवा बिक्री पर सख्त कार्यवाही होगी.

## वृक्ष जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी : डॉ . यादव

नवभारत न्यूज

**सतना 13 जुलाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जो हमें जीवन दें, सद्मार्ग पर ले जाए, वह सदैव वंदनीय है।**

हमारे लिए प्रकृति ही परमेश्वर के स्वरूप है, क्योंकि यह हमें जीवन देती है, हमारा उदर-पोषण करती है। इसलिए हम सबको प्रकृतिपूजक बनकर इसकी वंदना करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी। वृक्ष ऋषि मुनियों के समान एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। यह हमारी नकारात्मक ऊर्जा को स्वयं ग्रहण कर हमें सकारात्मक ऊर्जा (प्राण वायु) देने वाले उदार साधक होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजर भूमि को हरियाली की चादर ओढ़ाना प्रकृति माता को हरी चुनरी ओढ़ाने जैसा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर चलाया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं, ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान है। जल, जंगल, जमीन और जानवर जिनसे हमारा पारिस्थितिकीय-तंत्र तैयार होता है, यह अभियान इनकी सुरक्षा का मिशन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर जिले के ग्राम बुढ़ानिया स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां अपनी पूजनीय माता स्व. श्रीमती लीला बाई यादव की स्मृति में संतरे का फलदार पौधा लगाकर इन्दौर में 21 लाख पौधारोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन इकाइयों की स्थापना (निर्माण) कार्य के महाभियान का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पंच महाभूतों का मान्यता मिली है। इसमें सबसे प्रमुख है जल। जल से ही हमारा जीवन है। श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान तथा जल, जंगल एवं पर्यावरण बचाने के पुनीत महाभियान में पूरे समाज की सहभागिता बेहद सराहनीय है। हम सबको मिलकर इस दिशा में आगे आना ही चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधरोपण एवं जल संचयन में सरकार और समाज की सहयोगी सामाजिक संस्था पृथ्वी को प्रोत्साहन स्वरूप 2 लाख रुपये और प्रदेश में चलाए गए नक्सल उन्मूलन अभियान में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले बीएसएफ के दो जवानों को मंच से सम्मानित कर 2-2 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# वार्ड-4 व 5 की जनता ने कलेक्टर से की भ्रष्टाचार की जांच की मांग

### जनपद पंचायत सिरमौर अंतरगत ग्राम पंचायत सदाहना का मामला

नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 13 जुलाई. जनपद पंचायत सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत सदहना वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के आम जनमानस ने भ्रष्टाचार के कलेक्टर से जांच करने की मीडिया के माध्यम से मांग की हैं.**



मध्य प्रदेश शासन एवं भारत के प्रधानमंत्री जी का सपना है कि सभी जगह हरिजन बस्तियों में किसी भी प्रकार का कष्ट ना हो रोड पानी बिजली स्वास्थ्य और शिक्षा की भरपूर व्यवस्था की जाए लेकिन जब सदहाना में मीडिया की टीम ने पहुंची तो मामला कुछ चौंकाने वाला दिखा वहां की जनता ने जब एकत्रित होकर के मध्य शासन की लाडली बहनों ने रो-रो करके मीडिया से रोड दिखाने लगे वास्तविकता पर बच्चे पढ़नें कैसे जाएं स्थिति यहां तक है कि यदि कोई मरीज आकस्मिक ज्यादा बीमार होता है तो उसे अस्पताल तक ले जाने में कोई सुविधा नहीं है रोड में कीचड़ ही कीचड़ है वहां के लोगों का आरोप है कि यह रोड एक बार कंक्रीट हो चुकी है जो कि कागजों में बनी हुई है इतना ही नहीं एक हैंडपंप बना है जो की सरपंच के द्वारा कभी भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है लोग पानी के लिए भी व्याकुल हैं जांच करने पर कई मामले का खुलासा हो सकता है आम जनमानस ने मीडिया के माध्यम से शासन और प्रशासन से लगाया है कि हम लोगों की मां को सुनते हुए जांच कर रास्ता बनवाई जाने का कष्ट करेंगे कहना दिलचस्प होगा कि जनपद पंचायत सिरमौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सदहना का मामला कुछ और ही है इसके पूर्व में सचिव के द्वारा कई घोटाले किए गए सरपंच के द्वारा कई घोटाले किए गए इसकी नोटिस जारी हुई जेल जाने के लिए वारंट कटा और शासन के द्वारा राशि जमा करने के नोटिसदी गई थी अब देखिए आखिर शासन और प्रशासन क्या करता है